मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 44 मुंबई, सोमवार, दिनांक 24 जुलाई से 30 जुलाई 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये




## सीएसएमटी सबवे में मुंबई मनपा लगाएगी सीसीटीवी, फायर प्रोटेक्शन सिस्टम




**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास बने सबवे में मनपा ने सीसीटीवी और फायर प्रोटेक्शन सिस्टम लगाने का निर्णय लिया है। सबवे में होने वाले सफोकेशन के बावजूद मनपा वेंटिलेशन सिस्टम लगाना भूल गई है। बता दे कि सीएसएमटी स्टेशन एक ऐतिहासिक स्टेशन है जहां बड़ी संख्या में यात्री और पर्यटक का आवागमन होता है. सड़क पार करने के लिए ट्रैफिक की परेशानी दूर करने और लोगो को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सबवे का निर्माण किया गया है। सब-वे के काफी पुराने होने और इसकी जर्जरता के कारण मनपा ने इस सब-वे की मरम्मत करने का निणर्य लिया है। सबवे की मरम्मत के साथ सब-वे में सीसीटीवी और फायर फाइटिंग सिस्टम अच्छी इलेक्ट्रिक लाइटिंग की मरम्मत की जाएगी। मनपा इन सुविधाओं को प्रदान करते समय सबवे में हवा के प्रवाह को बनाए रखने के लिए वेंटिलेशन सिस्टम लगाना भूल गई है। इस सिस्टम की स्थापना को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है.सीएसएमटी में सबवे का निर्माण 1999 में किया गया था जिसका उद्घाटन तत्कालीन मनपा आयुक्त के.नालिनाक्षन ने किया था। सबवे में चार प्रवेश द्वार हैं, एक सीएसएमटी की ओर, दूसरा मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर, तीसरा मुंबई मनपा मुख्यालय की ओर और चौथा टाइम्स ऑफ इंडिया की ओर है. प्रतिदिन बड़ी संख्या में पैदल यात्री इस सबवे से आवागमन करते है। सुरक्षा की दृष्टि से सबवे में कोई सुविधाएं नहीं हैं. आग सहित किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मनपा ने सबवे में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन प्रणाली और उच्च गुणवत्ता वाली विद्युत प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने का निर्णय लिया है। मनपा ए वार्ड के सहायक आयुक्त जयदीप मोरे ने बताया कि यह सिस्टम उसी हिसाब से लगाया जाएगा।

### वेंटिलेशन सिस्टम पर विचार नहीं किया गया

**सबवे में हवा का संचार बनाए रखने के लिए 2016 से पहले एक वेंटिलेशन सिस्टम मौजूद था। सभी प्रवेश द्वारों के पास यह सिस्टम काम कर रहा था तो सबवे में हवा का आवागमन हो रहा था। परिणामस्वरूप गर्मी और सफोकेशन का प्रकोप नहीं जान पड़ता था। 2016 में मनपा ने सबवे के बाहर एक सेल्फी पॉइंट बनाया। इसी दौरान वेंटिलेशन सिस्टम को हटा दिया गया। जिसका मुख्य कारण था कि वेंटिलेशन के लिए लगे पंखे बाहर की ओर थे और सेल्फी पॉइंट में बाधा बन रहे थे। वेंटिलेशन सिस्टम हटाए जाने के कारण गर्मियों में आवागमन के दौरान सबवे में लोगो को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ता है। सहायक आयुक्त जयदीप मोरे ने कहा कि इस सिस्टम की स्थापना के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा की जाएगी।**

## मणिपुर मामले में विधानसभा में विपक्ष का हंगामा...!



**मुंबई :** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई अत्याचार की घटना को लेकर विधानसभा में कांग्रेस ने आक्रामक रूख अपनाया। कांग्रेस विधायक वर्षा गायकवाड, यशोमति ठाकुर, प्रणिति शिंदे ने सदन में प्रस्ताव लाने की मांग की। हालांकि अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने नियमों का हवाला देते हुए पहले प्रस्ताव रखने को कहा। इस दौरान सदन में कांग्रेस विधायक दल के नेता बाला साहेब थोरात, राकांपा के जितेंद्र आव्हाड भी पहुंच गए। कांग्रेस सदस्य शोर मचाते हुए प्रस्ताव लाने की मांग करने लगे। अध्यक्ष ने प्रश्नोत्तर शुरू किया। पहला प्रश्न कांग्रेस के विश्वजीत कदम का था। कांग्रेस के सदस्यों ने उन्हें वह प्रश्न नहीं पूछने दिया। इस पर अध्यक्ष ने दूसरा प्रश्न पुकारा, तब विपक्षी सदस्य हंगामा और नारेबाजी करते नजर आए। अध्यक्ष नार्वेकर ने कहा कि यशोमति ठाकुर ने महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है, लेकिन उन्होंने पहले कोई प्रस्ताव पेश नहीं किया। सदन का कामकाज नियम से चलता है।

## महंगाई से हर कोई परेशान, महिलाओं का बजट गड़बड़ाया



**मुंबई :** आजकल दाल, टमाटर, अदरक एवं अन्य सब्जियों पर छाई महंगाई से हर कोई परेशान है। शहरी परिवारों में आलू की तरह टमाटर भी एक नियमित आहार है और दाल तो नियमित आधार है ही। इसकी कीमतें बढ़ने से घरेलू महिलाओं का बजट गड़बड़ा गया और बचत प्रभावित हुई है। हालांकि ,रिजर्व बैंक इसे नियंत्रित करने के लिए अब तक ब्याज दर बढ़ाता रहा है लेकिन इसके परिणामस्वरूप शहरी आमवर्ग की ईएमआई (मासिक किश्त) बढ़ जाती है। महंगाई एक तरफ से कम होती है तो दूसरी तरफ मासिक किश्त बढ़ जाती है। ऐसे में हर कोई चाह रहा है कि महंगाई और किश्त के मोर्चे पर कुछ राहत मिली।

भारत में महंगाई मापने के दो पैमाने हैं, पहला खुदरा महंगाई और दूसरा थोक महंगाई दर। खुदरा महंगाई जैसे कि नाम से ही स्पष्ट है कि यह वही दर होती है, जो अंतिम ग्राहक और दुकानदार के बीच मूल्य की बात करते हैं, इसे 'कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स' भी कहते हैं।

## राजन शर्मा की कलम से मन की हारे हार मन की जीते जित



**कल्याण,** बांध में क्षमता से अधिक पानी भरने पर उसके गेट खोलने पड़ते हैं, वरना बांध टूटने का खतरा पैदा हो जाता है!

ऐसी ही कुछ स्थिति आदमी की भी होती है! आदमी की क्षमता से अधिक उसके मन में जब विचारों का बोझ बढ़ जाता है तो उसके अवसाद (डिप्रेशन) में जाने का खतरा पैदा हो जाता है!

इसलिए हर दिन किसी ह्यअपनेह्न के साथ मन खोलकर विचारों का आदान-प्रदान करते रहिए !ह्यअकेला होनाह्न सरल है, परंतु ह्यअकेला पड़नाह्न दुर्भाग्यपूर्ण है! ह्यअकेले रहनाह्न आपकी पसंद हो सकती है, परंतु ह्यअकेला पड़ जानाह्न आपकी बहुत बड़ी चूक है !मन के हारे हार है, मन के जीते जीत!



**संभाजी नगर के विभागीय कमिश्नर श्री मधुकर राजे aardad इनका स्वागत करते हुए.**

## अपने लोगो के दु:ख और सुख में साथ खड़े रहना ही संस्था का मूल उद्देश्य हैं संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा




**मुंबई** - अपने समाज के कर्ण धार सभी के दिलो में राज करने वाले भारतीय नाईं कल्याण विकास सेवा समिति के संस्था सचिव आदरणीय प्रमोद शर्मा के भाभी ललिता संतोष शर्मा का मुम्बई प्रेम नगर गोरेगॉव में पहले महले छत से गिरने से सिर में काफी चोट लगने से नायर हॉस्पिटल आई सी यूं में भर्ती कराया गया जिसके लिए भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ,बच्चन शर्मा वरिष्ठ सरक्षक संस्था प्रधानमहासचिव मनोज कुमार शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष जौनपुर पत्रकार एकता संघ प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, मुन्ना लाल शर्मा संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अशोक कुमार शर्मा संस्था कोषाध्यक्ष, अवधेश कुमार शर्मा, व पंचम शर्मा संरक्षक, शैलेंद्र कुमार शर्मा संगठन मंत्री, अजय कुमार शर्मा प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी, शैलेंद्र शर्मा उप कोषाध्यक्ष, व संगठन के तमाम पदाधिकारी व सदस्य गण ने ईस्वर से प्राथना कर रहे हैं की प्रमोद भैया की भाभी जल्द स्वस्थ होकर अपने परिवार में आये ताकि परिवार की खुशी वापस आ सके व अपने परिवार के साथ रह सके!

प्रमोद जी से संस्था के लोग लगातार सम्पर्क में हैं और तन मन धन से सभी लोग सहयोग के लिए खड़े है ! संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा व घनश्याम शर्मा अध्यक्ष एम डब्ल्यू ओ भी ने प्रमोद जी से लगातार संपर्क में है और यह स्वास्थ्य किए के हम और हमारी संस्था आपके साथ तन मन धन से है और जब भी जरूरत रहेगी हम आपके साथ हैं !मुंबई से अनिल शर्मा ने नायर हॉस्पिटल जाकर प्रमोद जी और उनके परिवार से मिले हाल चाल ली और ईस्वर से प्राथना की प्रमोद जी की भाभी जल्द स्वस्थ हो और प्रमोद को अस्वासन दिए की भाभी जी के इलाज के लिए जो भी सहयोग लगेगा उसके लिए तन मन धन से साथ खड़े है !मनोज कुमार शर्मा प्रधानमहासचिव



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### संसद में हंगामा

**इससे दुर्भाग्यपूर्ण एवं निराशाजनक और कुछ नहीं हो सकता कि मणिपुर की जिस शर्मनाक घटना पर सारा देश उद्वेलित है, उस पर संसद में चर्चा होने के बजाय केवल हंगामा हो रहा है। यह हंगामा लगतार दूसरे दिन दोनों सदनों में हुआ। आखिर इस हंगामे से देश को इसके अतिरिक्त और क्या संदेश जा रहा होगा कि हमारे राजनीतिक दल एक संगीन मामले पर न तो गंभीर हैं और न ही उस पर कोई सार्थक चर्चा करने को तैयार हैं? संसद में राजनीतिक दलों का व्यवहार निराश करने वाला है। मणिपुर को लेकर संसद में बीते दो दिनों से कोई चर्चा इसलिए नहीं हो पाई, क्योंकि सत्तापक्ष और विपक्ष इस पर सहमत नहीं हो पा रहे कि चर्चा किस नियम के तहत हो? आखिर बहस आवश्यक है या फिर यह कि वह किस नियम के तहत हो? यह पहली बार नहीं, जब किसी आवश्यक मामले पर संसद में इसलिए चर्चा न हो पाई हो कि वह किस नियम के तहत हो। ऐसा अक्सर होता है और कई बार तो कई-कई दिन तक हंगामा होता रहता है। इस बार भी ऐसी ही स्थिति बनती दिख रही है। हमेशा की तरह सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वह चर्चा से बच रहा है। ऐसे आरोपों का कोई मूल्य-महत्व नहीं, क्योंकि चर्चा न हो पाने के लिए कहीं न कहीं दोनों पक्ष उत्तरदायी होते हैं। समझना कठिन है कि दोनों पक्ष इस पर एकमत क्यों नहीं हो सकते कि किस नियम के तहत चर्चा होनी चाहिए? क्या चर्चा के लिए कोई बीच का रास्ता नहीं निकाला जा सकता? नि:संदेह निकाला जा सकता है, यदि उद्देश्य यह हो कि विषय विशेष पर गंभीर चर्चा करके देश को दिशा देनी है। यह विडंबना ही है कि जब संसद में पक्ष-विपक्ष को मिलकर देश और विशेष रूप से मणिपुर की जनता को आश्वस्त करना चाहिए, तब वे चर्चा के नियम पर उलझे हुए हैं। सत्तापक्ष कह रहा है कि वह चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष आरोप लगा रहा कि वह चर्चा से भाग रहा है। आम जनता के लिए समझना कठिन है कि किसका पक्ष कितना सही है। वह तो यही देख रही है कि चर्चा नहीं हो पा रही है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि एक-दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति ने पक्ष-विपक्ष के बीच सामंजस्य को पूरी तौर पर खत्म कर दिया है। यह शुभ संकेत नहीं, क्योंकि संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष मिलकर सदन चलाने के तौर-तरीकों पर सहमत हों। अब ऐसा दुर्लभ होता जा रहा है। स्थिति यह है कि विपक्षी नेता विभिन्न विषयों पर चर्चा करने पर तो खूब जोर देते हैं, लेकिन प्राय: वे नारे लिखी तख्तियां लेकर सदन में पहुंचते हैं। इससे यही पता चलता है कि वे संसद में सार्थक बहस के प्रति गंभीर नहीं।**

## सुरेश शर्मा अध्यक्ष ने की संगठन को मजबूत बनाने की चर्चा

**जौनपुर,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के संस्था अध्यक्ष आदरणीय श्री दिनेश चन्द्र शर्मा जी से आज उनके आवास पर जाकर संस्था को मजबूत बनाने



को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा हुई आने वाले समय में संस्था में कई बदलाव लाने पर भी विचार विमर्श किया गया जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द जिले से लेकर ब्लाक तक एक समीक्षा बैठक करेंगे और अपने संगठन भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति को एक विशाल संगठन बनाने का कार्य करुंगा। जिलाध्यक्ष ने संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा से आग्रह करते हुए कहा कि आप अति शीघ्र एक कोर कमेटी की बैठक आयोजित करे। ताकि आगे हमें कोई कार्य करने में कोई बांधा उत्पन्न न हो।

## मौलिक अधिकार पार्टी का स्थापना दिवस मनाने का परिक्षण करते प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष

**वाराणसी,** दिनांक 5 अगस्त 2023 दिन शनिवार को जिला कार्यालय राजातालाब वाराणसी




उत्तर प्रदेश में होने वाले मौलिक अधिकार पार्टी के स्थापना दिवस का निरीक्षण करते प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा व वाराणसी जिलाध्यक्ष विमलेश शर्मा जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जे पी शास्त्री जी उपस्थित रहे गे व राष्ट्रीय सलाहकार डाक्टर रमेश वर्मा सामील होगे।

कार्यक्रम आयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एडवोकेट संगीता विश्वकर्मा के नेतृत्व में सम्मान होगा। अतः आप सभी पदाधिकारियों व पार्टी कार्यकताओं से निवेदन है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भागेदारी करें निवेदक - कार्यक्रम आयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट संगीता विश्वकर्मा मौलिक अधिकार पार्टी।

## विमलेश शर्मा अध्यक्ष जिला मजिस्टेट को देंगे ज्ञापन

**वाराणसी ,** सरकार की ड्यूटी एवं जनसमस्याओं के निराकरण के संबंध में।



महोदय जी, महामहिम राष्ट्राध्यक्ष भारत सरकार को वाराणसी जिला मजिस्टेट के द्वारा 25/07/2023 दिन मंगलवार समय 3 बजे, विमलेश शर्मा जिलाध्यक्ष मौलिक अधिकार पार्टी वाराणसी के द्वारा सरकार की ड्यूटी एवं जन समस्याओं के निराकरण के संबंध में 6 सूत्री मांगों हेतु ज्ञापन सौंपेंगे।

## स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की धूमधाम से मनायी गई 117 वी जयन्ती

**सीखड मिजार्पुर.** आजाद प्रेम सेवा फाउंडेशन द्वारा विकास खंड सीखड क्षेत्र स्थित आजाद चौक खैरा चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा



पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर देश के महान क्रांतिकारी बलिदानी बीर सपूत चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर उपस्थित सैकड़ों लोगो ने पुष्प अर्पित कर नमन किये इस अवसर पर आजाद प्रेम सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष उदय नारायण पाण्डेय ने चंद्रशेखर आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की आजाद जी बहुत ही कम उम्र मे आजादी के महासग्राम मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की बली दे दी प्रदेश सचिव देव प्रकाश नारायण पाठक ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद महज 15 वर्ष की उम्र में पहली बार मिली पन्द्रह कोडे की सजा इस कांड ने हिला दिया था ब्रिटिश सरकार को आजाद एक ऐसा शब्द है जो स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी बीर सपूत चंद्रशेखर आजाद के साथ जुडा है इन्होंने अपनी पूरी जिंदगी को देश की आजादी के लिए आजाद रखा और उसे अन्तिम सास तक निभाया। चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भावना नामक गाँव में हुआ था। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी के लडाई के लिए बलिदान कर दिया। चंद्रशेखर आजाद कम उम्र मे देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बन गए।

1922 मे चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने जब अपना आंदोलन वापस ले लिया तो आजाद जी का काग्रेस से मोह भंग हो गया। इस के बाद वे पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल योग चंद्र चटर्जी द्वारा 1924 मे गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोएशन से जुड गये।

राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी कांड 1925 मे पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया इसके बाद चंद्रशेखर आजाद ने 1928 मे लाहौर मे ब्रिटिश पुलिस आफिसर एसपी साण्डर्स को गोली मारकर लाला लाजपत राय की मौत का बदला लिया। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी एक केस मे जज के सामने पेश किया गया वहा पर जब जज ने उनसे नाम पूछा तो उन्होंने कहा मेरा नाम आजाद है। मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता है। और मेरा घर जेल है। जज ने यह बाते सुन कर भडक गया और चंद्रशेखर को 15 कोडो की सजा सुनाई यही से उनका नाम आजाद पड गया।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३



राजस्थान नागौर bitjvaliya निवासी सेन समाज के कार्य में सदैव अग्रसर तत्पर, आदर्श परिवार,मितभाषी, सबके चहेते, समाज के सभी के कार्य में सफलता की ऊंचाई तक कार्य करनेवाले, राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रभारी, मेरे आदरणीय मार्गदर्शक स्नेही , दमादजी विक्रमजी सेन इन्हें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए अभिनंदन आशीष।।
**अशोक लालचंद पवार**
**सौ लता अशोक पवार**
**वैजापुर महाराष्ट्र**
महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के सभी मान्यवर पदाधिकारी।।
पवार परिवार खंडाला वैजापूर रोहा महाराष्ट्र
मखाना परिवार rahta / Lilde परिवार तेल्हारा
राजस्थान सेन मारू समाज ट्रस्ट मंडल, नाशिक नगर पुणे नागपुर संभाजी नगर, अमरावती
श्री भोलेनाथ मंदिर ट्रस्ट मंडल शिव प्रताप नगर वैजापूर।।
जबरेश्वर गणपति मंदिर ट्रस्ट मंडल, खंडाला।।
महाराष्ट्र राज्य तलाठी संघटना।।
महाराष्ट्र राज्य पेंशनर्स एसोसिएशन

**CHANGE OF NAME**
**Old Name** : Mirabai Savkar Pingale
**New Name :** Meerabai Savkar Pingale
(M-2387670)
Add - A205, Chandresh Shehnai
Bhopar Nandivali Road, Dombivali (East)

# सविता समाज संस्था मुंबई कार्यकारिणी की बैठक संपन्न





**मुंबई,** सविता समाज संस्था मुंबई कार्यकारिणी की मीटिंग दिनांक 23 जुलाई 2023 को दादर संत सेना सभागृह में अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान दीपावली स्नेह सम्मेलन के बारे में बात किया गया।

इस अवसर पर रविंद्रनाथ शर्मा (महामंत्री), एफ. सी. शर्मा, बी.आर. शर्मा, बीएम शर्मा, छोटे लाल शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, दिनेश श्रीवास्तव, कपिल देव शर्मा, रामकुमार वर्मा, सुरेंद्र सविता, लालमन शर्मा, रमाशंकर शर्मा, नागेंद्र शर्मा, भरत श्रीवास, मंगल सिंह, विनोद शर्मा, विजय शर्मा, राजेश शर्मा, मंच संचालक कपिल देव शर्मा और आभार प्रदर्शन बी.एम. शर्मा ने किया।




छत्रपती संभाजीनगर येथे राजपूत चेतना मंच ११वा वधू वर मेळावा उदघाटन करतांना महाराष्ट्र राज्याचे गृह निर्माण मंत्री ना,अतुलजी सावे,अध्यक्ष जगजितसिंह परिहार,वैजापूर चे राजपूत समाजचे जेष्ठ कार्यकर्ते धोंडीरामसिंह राजपूत,कार्यक्रम अध्यक्ष गोपालसिंह राजपूत नगर,और नांदेड के दिलीपसिंह हजारी 23जुलै,2023

# घनश्याम शर्मा बने एम डब्ल्यू ओ के संस्था अध्यक्ष व श्रीकांत शर्मा को अमेठी जिला अध्यक्ष चुना गया

**अमेठी :** सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (M.W.O.) की साधारण सभा की वार्षिक बैठक (A.G.M.), शर्मा मार्केट सहमति हेतु स्पष्टीकरण देने को कहा गया। घनश्याम शर्मा ने सम्मानित सभा में प्रस्ताव रखा कि यदि सभी सम्मानित सदस्यगण व प्रबंधकारिणी के भी सदैव समाज के हक-अधिकार की लड़ाई में साथ रहेंगे तथा संगठन का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

इस सभा में जिला कमेटी



प्रांगण, अनु-रोड, खेरौना, अमेठी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष राजमणि शर्मा तथा संचालन सचिव उदय राज शर्मा ने किया। बैठक में एजेंडे के 11 बिन्दुओं पर क्रमवार चर्चा हुई तथा 11 प्रस्ताव पारित किए गए। संगठन की बैनामाशुदा 09 विस्वा भूमि जो कि ग्राम डेढ़पसार, परगना तहसील व जिला अमेठी (उत्तर प्रदेश) में स्थित है, पर ह्जननायक कर्पूरी ठाकुर भवनह बनाए जाने का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ। बैठक में सबसे चौंकाने वाला तथा स्तब्ध कर देने वाला प्रस्ताव संगठन के वर्तमान अध्यक्ष राजमणि शर्मा द्वारा रखा गया। उन्होंने अपने पद का परित्याग करते हुए संगठन के उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। उनके इस प्रस्ताव पर घनश्याम शर्मा की कमेटी का भरपूर सहयोग हमेशा की तरह मुझे भी मिलने का आश्वासन मिले तभी मैं यह बड़ी जिम्मेदारी निर्वहन कर पाऊंगा। उपस्थित लोगों ने सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया तथा सर्वसम्मति से ध्वनिमत से घनश्याम शर्मा को संगठन का अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। नई प्रबंधकारिणी समिति के लिए अन्य सदस्यों का निर्वाचन किया गया। श्रीकान्त शर्मा को अमेठी जनपद का जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।निवर्तमान अध्यक्ष राजमणि शर्मा ने नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम शर्मा तथा जिलाध्यक्ष श्रीकान्त शर्मा को बधाई दी तथा साधारण सभा के उपस्थित सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनका भरपूर सहयोग सदैव संगठन को मिलता रहेगा। वे बगैर पद सुल्तानपुर, अमेठी व प्रतापगढ़ के सभी सम्मानित पदाधिकारी के रूप मे सीताराम शर्मा, रामलौट शर्मा, बृजलाल शर्मा, रामचंद्र शर्मा, राम लखन शर्मा, सचिन शर्मा, दुर्गेश शर्मा, हनुमान शर्मा, शिवपूजन शर्मा, मातादीन शर्मा, रमेश शर्मा, अयोध्या प्रसाद मुन्ना शर्मा, शिवदयाल शर्मा, रंजीत शर्मा, आरके शर्मा, संजीव शर्मा, राम लगन शर्मा, माता प्रसाद शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, भोलानाथ शर्मा, मुकेश शर्मा, महेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, अरविंद शर्मा, ऋषि कुमार वर्मा, उदयभानु सविता, दूधनाथ शर्मा, योगेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, पवन शर्मा, शिव प्रसाद शर्मा, लाल बहादुर शर्मा, दिनेश शर्मा, अयोध्या प्रसाद शर्मा आदि अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# शिव शक्ति मंदिर में रूद्राभिषेक



**भोपाल।** शिव शक्ति मंदिर प्रीमियर चैट कॉलोनी करोंद भोपाल में भगवान भोलेनाथ का रूद्र अभिषेक महिला मंडल द्वारा किया प्रतिदिन किया जाता है। पंडित श्री राजकुमार तिवारी बताया प्रत्येक दिन कॉलोनी की कॉलोनी के महिला मंडल द्वारा स मंदिर में एकत्रित होकर सामूहिक रूप से भगवान भोलेनाथ के मिट्टी के शिवलिंग का निर्माण किया जाता है तथा पूजा एवं अभिषेक की जाती है। भजन का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें विशेष रूप से उपस्थित श्रीमती स्नेह लता निगम, श्रीमती राधा निगम श्रीमती प्रेरणा सक्सेना श्रीमती निर्मला सिंह श्रीमती सरिता शुक्ला, श्रीमती पाशा, श्रीमती ओमवती श्रीमती ओमवती दांगी, श्रीमती अंजू प्रणामी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहती है।

# उद्धव सेना के विरोध के बावजूद मनपा में खुला पालक मंत्री लोढ़ा का कार्यालय

## जनता की परेशानियों को दूर करने के लिए खोला कार्यालय



**मुंबई :** उपनगर के पालक मंत्री और कौशल्या विभाग के कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे के चेतावनी को धता बताते हुए शुक्रवार को मनपा मुख्यालय में खुले नागरिक कक्ष कार्यालय में आकर बैठे। लोढ़ा ने आदित्य ठाकरे के चेतावनी को एक मात्र आरोप बताते हुए कहा की सरकार सोशल मीडिया पर नहीं चलती। लोगो की समस्या छुड़ाने के लिए जमीन पर उतरना पड़ता है । उन्होंने कहा कि यह कार्यालय मनपा में प्रशासन की नियुक्त होने तक खुला रहेगा जिससे आम जनता अपनी समस्या लेकर हमारे पास आ सके और हम उनकी समस्या का निपटारा कर सके । मुंबई शहर के पालक मंत्री मंगल प्रभात के लिए मनपा मुख्यालय में कार्यालय खोले का उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने जमकर विरोध किया आदित्य ठाकरे ने तो 24 घंटे की चेतावनी देते हुए कहा की चौबीस घंटे में कार्यालय बंद नही किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। पालक मंत्री लोढ़ा आदित्य ठाकरे के आरोपों को नजरंदाज करते हुए शुक्रवार को ही मनपा मुख्यालय आकर अपने कार्यालय पर कब्जा जमाया। लोढ़ा ने कहा कि पालक मंत्री बनने के बाद अब तक उपनगर के सभी वार्डो में दो बार आम जनता के लिए दरबार लगाया।सरकार आपके द्वार के रूप में वार्ड कार्यालय में लोगो की समस्या सुनी इस दौरान लोगो कि 15 हजार शिकायत मिली जिसमे 3 हजार शिकायत का जगह पर ही निराकरण किया।अभी भी 12 हजार लोगो की शिकयत बनी हुई है।मंगल प्रभात लोढ़ा आदित्य ठाकरे के आरोपों पर कहा कि सरकार घर पर बैठकर सोशल मीडिया पर नहीं चलती।लोगो की समस्या को दूर करने के लिए जमीन पर उतरना पड़ता है।उपनगर वासियों को मनपा मुख्यालय से समस्या छुड़ाना रोजाना आना मुमकिन नहीं हो पाता इसके लिए मैं यह आफिस खोला है रोजाना उनकी समस्या सुनकर उसका निराकरण करूंगा जिसको जो बोलना है बोले।लोढ़ा ने कहा कि शहर के पालक मंत्री दीपक केंसरकर के लिए भी कार्यालय खोले जाने की गुहार लगाई।

## आफताब हूं

मैं खुद की जिंदगी का अंधेरा
में छुप जाऊं
ऐसी शम्मा नहीं
उलझते सुलझते
बिखरते टूटते .... फिर भी
आंधियों में
तेरी शाम हूं सुबह बन ए खुदा
आज मेरी सहर कर दे
गजल गीत कहानियां बन
किताबो के पन्नों से बंधी हूं
कैसे कोई मुझे मुख्तसर कर देगा
खयाल नहीं जो बिखरू
किताबें इधर उधर कर दे मैं वो
गजल हूं गीत हूं
जो बारिश बन जमीं को भी
आसुओं से तर कर दे........



**सविता मोदी**
(मंडला, म.प्र.)

# संदीप शर्मा हत्याकांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु जिला अधिकारी व एस पी से मुलाकात कर लगाई न्याय की गुहार








एसडीएम सदर विनय सिंह को मांगपत्र सौंपते संस्था के पदाधिकारी

**एड. घनश्याम शर्मा**

**मिर्जापुर,** मिर्जापुर ज़िले के दलापट्टी थाना चील्ह में संदीप शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा की निर्मम हत्या हुई है , अभी तक थाना इलाका ने कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं किया है। इस घटना के विरोध में सैकडो महिला - पुरुष तथा वरिष्ठ समाज सेवी गण के साथ घनश्याम शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष MWO, घनश्याम शर्मा एडवोकेट राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आल इंडिया महापदमनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन, संजय शर्मा, नीरज शर्मा प्रयागराज, सचिन शर्मा प्रतापगढ़, कैलाश शर्मा भदोही, वैभव शर्मा जौनपुर, मिर्जापुर के प्रदीप शर्मा व विजय शर्मा, हरिशंकर शर्मा , मुन्नू शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनसमुदाय व पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया 3-4 दिन के अन्दर प्रभावी कार्यवाही होगी तथा ज़िलाधिकारी की तरफ से उपस्थित नगर मजिस्ट्रेट ने पीड़ित परिवार की मदद हेतु शासन को पत्र लिखने का आश्वासन दिया।



कर्त्तव्य सम्राट महापद्मनन्द जी अमर रहें! अति पिछड़ा वर्ग जिन्दाबाद ! नाई समाज जिन्दाबाद! जननायक कर्पूरी ठाकुर अमर

महापद्मनन्द वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ( M.W.O )

जनपद–अमेठी,(उ०प्र०)

(अराजनैतिक सामाजिक संगठन)

::निवास:: ग्राम रानीपुर पो०– करनाईपुर जनपद अमेठी 227413

प्रान्तीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा मो०– 9455246265,831893836 ईमेल–ghanshyamsharmamwo@gmail

दिनांक– 21-07-

सेवा में,

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय, मीरजापुर।

विषय:–हत्या प्रकरण दिनांक–18.07.2023 को संदीप कुमार शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी ग्राम–दलापट्टी थाना–चिल्ह तहसील–सदर जिला–मीरजापुर की पेचकश जैसे नुकीले औजार से गोद–गोद कर निर्मम तरीके से हत्या करने वाले कमलेश कुमार यादव पुत्र स्व० गुलाब यादव, अजय यादव पुत्र कमलेश यादव, विजय यादव पुत्र अज्ञात व एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीकृत करवाये जाने, अपराधियो को जेल भेजे जाने हेतु प्रार्थना पत्र।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन के साथ अवगत कराना है कि समाज में अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि पलम्बर का कार्य करने वाले उपरोक्त संदीप कुमार शर्मा सुबह अपना बकाया मजदूरी मांगने कमलेश कुमार यादव के घर गये तो कमलेश कुमार यादव पुत्र स्व० गुलाब यादव निवासी ग्राम–मदनपट्टी थाना–चिल्ह जिला–मीरजापुर तथा अन्य उपरोक्त व अज्ञात लोगो ने मिलकर पेचकश जैसे नुकीले औजार से ताबड़तोड़ वार पर वार करके संदीप शर्मा की बहुत ही बेरहमी से निर्मम हत्या कर दी गयी। शाम को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर परिजन कमलेश यादव के घर से संदीप को उठाकर अस्पताल ले गये जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

श्रीमान् जी से मृतक संदीप की विधवा अपनी छोटी–छोटी तीन बेटियो व एक बेटे को लेकर अब किसके सहारे जीवन गुजारे उम्रदराज माता–पिता का सहारा छिन गया परिवारजनो के समक्ष विषम परिस्थितियां उत्पन्न हो गयी है।

अतः हम आपसे निवेदन करते है कि प्रार्थी का एफ०आई०आर० दर्ज कराकर हत्यारो को तत्काल गिरफ्तार करवाने हेतु आदेशित करने की कृपा करे।

भवदीय

घनश्याम शर्मा, मृतक के परिजन

सामाजिक संगठन एम डब्ल्यू ओ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने अपने कई सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ जिला मुख्यालय मिजार्पुर पहुंचकर एसपी साहब जी व जिलाधिकारी महोदय से मिलकर इस प्रकरण में एफ आई आर दर्ज करा कर हत्यारोपियो को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार करवाने सहित पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

जिसमें पहले एफ आई आर दर्ज करते हुए सभी हत्यारोपितो की गिरफ्तारी, मृतक परिवार को 50 का मुआवजा, 5 बीघा जमीन का कृषि आवंटन व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नौकरी की मांग की गई।

दिनांक 18 /07/ 2023 को संदीप शर्मा (पलंबर मिस्त्री) उम्र 29वर्ष पुत्र राजकुमार निवासी दलापट्टी थाना चिल्ह तहसील सदर जिला मिजार्पुर ने अपने पड़ोस के गांव मदन पट्टी निवासी कमलेश यादव अजय यादव व विजय यादव के द्वारा मजदूरी मांगने पर विवाद के चलते हत्या कर दी गई। पुलिस के द्वारा पंचनामा करवा कर पीएम करवाया और रात 8:30 बजे दाह संस्कार करवा दिया गया।

पुलिस ने मृतक परिवार के द्वारा दिए गए तहरीर पर अभी तक एफ आई आर दर्ज नहीं की, बल्कि अपराधियों को ही बचाव करती नजर आ रही है। अगर इस प्रकरण में पुलिस द्वारा एफ आई आर दर्ज करके नामजदों को जल्द गिरफ्तार न किया गया तो सभी संगठन व समाज के सहयोग से मिजार्पुर कलेक्ट्रेट में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन मिजार्पुर की होगी। इस न्यायिक संघर्ष में मृतक संदीप शर्मा के पिता राजकुमार शर्मा व मृतक की पत्नी उनके चार नन्हे नन्हे बच्चे रोते बिलखते दिखे।

मौके पर साथ जनपद प्रतापगढ़ के एम डब्ल्यू ओ के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा जी व भदोही जनपद के जिला अध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति श्री कैलाश शर्मा जी, पीएचडी स्कॉलर प्रदीप शर्मा, प्रयागराज पहल परिवार के संचालक नीरज शर्मा जी व गायक संजय शर्मा जी के साथ साथ डॉक्टर सतीश कुमार शर्मा, एडवोकेट घनश्याम शर्मा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ऑल इंडिया m.c.e.a, सुरेश शर्मा जी वरिष्ठ समाजसेवी, वैभव शर्मा (युवा नेता) आशुतोष शर्मा पत्रकार, संदीप शर्मा पत्रकार, हरिशंकर शर्मा जिला महामंत्री हिंदू नाई महासभा व समस्त स्टाफ, अभय शर्मा जी कर्पूरीवादी एकता संस्थान, बलराम शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, अभय शर्मा, नीरज शर्मा पत्रकार, राजू शर्मा, काजू शर्मा, कुलदीप शर्मा, दिलीप शर्मा, शिवकुमार शर्मा, इंद्रजीत सरोज, सुरेश सोनकर, मार्कंडेय शर्मा सहित जिले के बहुत सारे सम्मानित साथी व महिलाएं बच्चे आदि उपस्थित होकर न्याय के लिए संघर्ष को मजबूत किया।

# श्रीमती फाल्गुनी शाह डाक्टरेट (पी.एच.डी.) डिग्री से सम्मानित

**मुंबई-** आर.आर. एजुकेशनल ट्रस्ट के बी.एड कालेज की उप प्राचार्य श्रीमती फाल्गुनी शाह को एम.आई.टी.विश्व विद्यालय द्वारा शिक्षा में डाक्टरेट (पी एच डी) डिग्री प्रदान किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों में प्रसन्नता इंडेक्स बढाने के मॉड्यूल का विकास विषय पर शोध पुर्ण किया है। उन्होंने एम.आई. टी. युनिवर्सिटी प्रबंधन तथा गाईड डॉ. प्रिया सिंह के मार्गदर्शन एवं श्रीमती सुमन वर्मा (प्रिंसिपलआर.आर. एजुकेशनल ट्रस्ट, बी. एड.



कालेज) के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया है।

श्रीमती शाह ने डॉ.अजय भामरे (प्रो वाइस चांसलर, मुंबई युनिवर्सिटी), महेश कपूर, डॉ. मगरे (विभागाध्यक्ष शिक्षा, मुंबई युनिवर्सिटी), डॉ. रेनी फ्रांसिस (प्रिंसिपल पिल्लई कालेज) का भी सहयोग हेतु आभार प्रकट किया है।

डॉ. फाल्गुनी शाह की उपलब्धि पर शिवकांत मिश्र (कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रमुख राष्ट्रीय समन्वयक एवं अध्यक्ष एस. के. इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस), आर.आर. एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.आर.आर.सिंह,रामचंद्र सिंह, वरिष्ठ समाज सेवी डॉ.बाबुलाल सिंह, के.एन. सिंह, विजय यु. सिंह, प्रसन्ना ताठरे,प्रभाकर भोईटे, शिक्षाविद संदीपन रेड्डी, डॉ. आर. एम पाल, चंद्रवीर यादव, समाजसेवी बीरेन्द्र पाठक, राजेंद्र श्रीवास्तव, डॉ.सचिन सिंह, मोहनलाल राज, राजन उटवाल, रईस खान, भगवान किशोर तिवारी, महेंद्र सिंह, शशीकला पटेल, प्रभा शर्मा ने बधाई एवम शुभ कामनायें प्रदान किया है।

# अमित मेहता का मिस्टर & मिसेस टेस्टी बाईट्स




**खेतवाड़ी,** अमित मेहता का मिस्टर & मिसेस का मसहूर टेस्टी बाइट्स २०१६ मे शुरू कीया गया है इसे ८ साल हो चुका है समय सुरू ८ से दोपर ३ बजे तक हैनासता और भोजन करावा ते हैनासता**तंदुरी तरी पोहापायनेपल शीरा उपमा इडली - मेदु वडा साबुदाणा खिचडीचाट समोसाखाने मे**भाजी - चपातीमसाला पुलाव-रयतादाल राईस - पापड मसाला छाछ ये 8साल पूरा किये है स्वादिस्ट टेस्ट और क्वालिटी को बरकरार रखने के लिए अमित और उनकी मिसेस मिलकर बनाते है , अमित का उदेस्य यह है की पैसा सभी कमाते है लेकिन क्वालिटी और सुद्ध आहार देना ही मेरा मुख्य उद्देश्य हैं !जिसके लिए वे स्वयं कूक करते हैं ! अमित और उनके मिसेस का समाज सेवा में काफी रुची रहता है जिसके लिए हमेसा तत्पर रहते है !



# महिलायें अपनी प्रतिभा को पहचानें और आगे बढ़ें: पुष्पा वैष्णव

## तिफरा सिरगिट्टी मंडल की मोर्चा बहनों ने मनाया सावन उत्सव

**बिलासपुर।** तिफरा सिरगिट्टी मंडल में महिला मोर्चा की बहनों ने भैरव तालाब के पास टिफिन बैठक के साथ ही सावन का आयोजन किया। इस अवसर पर विविध स्पधाओं का महिलाओं ने आनंद उठाया। रंगोली प्रतियोगिता में महिलाओ ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हाथों में मेहंदी व कलाइयों में हरी चूड़ियां पहने महिलाओं ने सावन के गीतों पर जमकर मस्ती की। नृत्य और गीतों के साथ हंसी और ठिठौली का दौर भी चला। जिला विशेष आमंत्रित सदस्य पुष्पा वैष्णव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाना है। प्रत्येक महिला अपनी प्रतिभा को पहचानें और उसका उपयोग करे। तिफरा सिरगिट्टी मंडल अध्यक्ष सरोज साहू ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं ।कोई भी क्षेत्र उनसे अछूता नहीं है । इसे हमें गतिशील बनाए रखना है । इस अवसर पर वार्ड पांच की मंजू साहू, वीना, मंजू दुबे ममता सोनी, प्रेमलता ठाकुर, पूजा, ऊषा, सविता, अनिल बाई, पिंकी, चमेली और महिला मोर्चा की बहुत से बहनें उपस्थित थीं।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com